# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 08.02.2026 (सुबह–0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **राज्य में नगर निकाय चुनाव की सरगर्मी तेज, प्रत्याशियों ने प्रचार पर झोंकी ताकत, 48 निकायों में 38 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित।**
2. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 26 फरवरी को प्रस्तावित झारखंड दौरे को लेकर तैयारी तेज, रांची उपायुक्त ने की उच्चस्तरीय बैठक।**
3. **कोडरमा से लापता हुए बिरहोर समुदाय के 10 बच्चों को पुलिस ने बिहार के गया से किया सकुशल बरामद, एक फरवरी से लापता थे बच्चे।**
4. **सर्द हवा के कारण रांची समेत राज्य भर में तापमान सामान्य से नीचे, कल से चार दिनों तक छायेंगे बादल।**

**और**

5. **भारत ने जीता सैफ अंडर 19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब, झारखंड की खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन।**

****************

रांची में नगर निकाय चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। मेयर और वार्ड पार्षद पद के उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाने के बाद, प्रेक्षकों ने महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश जारी किए हैं। सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार दोराईबुरु और व्यय प्रेक्षक ध्रुव कुमार ने स्पष्ट किया कि सभी उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए अलग बैंक खाता खोलना अनिवार्य है। झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार, चुनाव खत्म होने के बाद निर्धारित समय के भीतर व्यय विवरण जमा करना होगा। बैठक में आदर्श आचार संहिता के कड़ाई से पालन और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

इधर चुनाव चिन्ह आवंटित होते ही प्रचार अभियान चरम पर पहुंच गया है। प्रत्याशी अब घर–घर जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं। पूरे राज्य में अब तक 38 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जा चुके हैं।

****************

जामताड़ा में नगर निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इस सिलसिले में सामान्य और व्यय प्रेक्षकों ने प्रत्याशियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सामान्य और व्यय प्रेक्षकों ने उम्मीदवारों को व्यय पंजी  के सही संधारण और विभिन्न प्रपत्रों को भरने की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उम्मीदवारों को निर्वाचन नियमों और व्यय सीमा का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 26 फरवरी को प्रस्तावित झारखंड दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सुरक्षा और वीवीआईपी प्रोटोकॉल की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की है। बैठक में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, यातायात रूट में बदलाव, अग्निशमन दस्ता और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रपति जमशेदपुर में श्रीजगन्नाथ आध्यात्मिक एवं संस्कृत चैरिटेबल सेंटर ट्रस्ट के नए केंद्र के भूमि पूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

****************

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार वित्तीय वर्ष 2026–27 के आगामी बजट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। इस बार बजट को अधिक समावेशी बनाने के लिए सरकार ने अबुआ दिशोम बजट पोर्टल के माध्यम से जनता से सीधे सुझाव मांगे थे। अबुआ दिशोम बजट पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से सरकार को दो हजार से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि इस बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

****************

कोडरमा पुलिस ने जयनगर से लापता हुए बिरहोर समुदाय के 10 बच्चों को बिहार के गया से सकुशल बरामद कर लिया है। 1 फरवरी को एक कार्यक्रम से लापता इन बच्चों की तलाश के लिए एसपी अनुदीप सिंह

ने 8 विशेष टीमें गठित की थीं। एसपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच की मदद से बच्चों को चाइल्ड लाइन के समन्वय से वापस लाने में सफलता मिली है।

****************

रांची पुलिस ने सार्जेंट मेजर संजीत कुमार के नेतृत्व में तुपुदाना थाना क्षेत्र में छापेमारी कर एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मौके से अर्धनिर्मित पिस्तौल, ड्रिल मशीन, लेथ मशीन और हथियार बनाने के भारी मात्रा में उपकरण बरामद किए गए हैं। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह स्थानीय अपराधियों और उग्रवादी संगठनों को हथियार सप्लाई करता था।

****************

रांची की तमाड़ पुलिस ने एक हत्याकांड का खुलासा करते हुए शूटर समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुस्कर ने बताया कि देवर ने ही जादू–टोना के संदेह में अपनी भाभी एतवारी कुमारी की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिये हैं।

****************

एक्सएलआरआई जमशेदपुर में कल नेक्सन 2026 कृ एक्सीड इन्वेस्टर और स्टार्टअप समिट का आयोजन होगा। एक्सएलआरआई जमशेदपुर के टाटा ऑडिटोरियम में होने वाला यह कार्यक्रम शार्क टैंक की तर्ज पर लाइव पिचिंग और निवेश की बारीकियों पर केंद्रित होगा। स्टार्टअप्स को वेंचर कैपिटलिस्ट और एंजेल इन्वेस्टर्स के सामने अपने बिजनेस मॉडल पेश करने का मौका मिलेगा। आयोजकों ने बताया कि फंडिंग जुटाने और बिजनेस स्ट्रैटेजी पर विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

****************

चतरा के मां कौलेश्वरी पहाड़ पर मुंडन के शुभ मुहूर्त के कारण आज श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। झारखंड और बिहार से आए हजारों भक्तों ने पूजा–अर्चना और मुंडन संस्कार कराया। भारी भीड़ से हंटरगंज में जाम लगा रहा, वहीं पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने से श्रद्धालुओं ने नाराजगी जताई।

****************

राज्य में पिछले 24 घंटों में बर्फीली सर्द हवाओं के कारण रांची समेत पूरे राज्य के तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। रांची में न्यूनतम तापमान गिरकर 9 से 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है, जो सामान्य से कम है। कनकनी बढ़ने से सुबह और रात में ठंड का प्रकोप जारी है। कल से राज्य के आसमान में आंशिक बादल छाने लगेंगे। यह स्थिति अगले चार दिनों तक बनी रह सकती है। मौसम पूर्वानुमान पदाधिकारी उपेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है, जिससे बादलों की आवाजाही शुरू होगी और तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जायेगी

****************

भारतीय अंडर–17 महिला फुटबॉल टीम ने पाल के पोखरा में खेले गए फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को 4–0 से हराकर सैफ अंडर–19 महिला चौंपियनशिप 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया है। भारतीय टीम की इस ऐतिहासिक जीत में झारखंड की सभी छह खिलाड़ियों एलिजाबेथ लकड़ा, अनीता डंगडुंग, सूरज मुनि कुमारी, विनीता होरो, अनुष्का कुमारी और दिव्यानी लिंडा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

****************

## अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मंइयां योजना की लाभुकों को बिना गारंटी 20 हजार तक का ऋण देने के प्रस्ताव पर सरकार की सैद्धांतिक सहमति की खबर पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर ने**–भारत व अमेरिका में अंतिरम व्यापार समझौते के ढांचे पर मंजूरी की घोषणा पर लिखा है–बड़ी डील में एक कदम और बढ़े।

**हिन्दुस्तान के शब्द हैं**–रोपवे दुर्घटना पर सुप्रीम कोर्ट का राज्य सरकार को नोटिस।

**प्रभात खबर लिखता है**–डीएमएफटी फंड से डीसी का सजा बंगला, केन्द्र ने जांच का दिया आदेश।

**दैनिक जागरण ने लिखा है**—दो मंत्रियों ने रिम्स में घायलों से ली घटना की जानकारी, कहा—इलाज में कमी न रहे।

***********समाप्त************